हरिभूमि
झज्जर-बहादुरगढ़ भूमि
रोहतक, शनिवार 24 अक्टूबर 2026

10 बेकार चीजों को सजाकर छात्रों ने दिखाई प्रतिभा



11 बीसीसीआई के चुनाव की घोषणा, 17 को होगा मतदान



खबर संक्षेप

मोबाइल हैक कर खाते से निकाले रुपये

बहादुरगढ़। मोबाइल हैक कर खाते से रुपये निकालने के मामलों में तेजी से बढ़ोतरी हो रही है। अब यहां एक कर्मचारी के खाते से 1 लाख रुपये साफ कर दिए गए। पीड़ित ने पुलिस को शिकायत दे दी है। वारदात उत्तर प्रदेश मूल के आशीष के साथ हुई है। आशीष यहां ताल नगर स्थित एक कंपनी में काम करता है। उसका कहना है कि गत 20 अक्टूबर को वह कंपनी में था। जब अपने एक परिचित को यूपीआई के जरिये रुपये ट्रांसफर करने लगा तो मोबाइल ने काम करना बंद कर दिया। फिर वह मोबाइल को एक दुकान पर ठीक कराने के लिए दे आया। जब दुकानदार से वापस मोबाइल प्राप्त किया तो उसमें रुपये कटने के मैसेज आए हुए थे। खातों से एक लाख रुपये की निकासी हुई थी।

10 नवंबर को होगी गोवर्धन नगर परिक्रमा

बहादुरगढ़। गोवर्धन परिक्रमा आयोजक मंडल की ओर से इस बार भी गोवर्धन पर्व उत्साह के साथ मनाया जाएगा। इस उपलक्ष्य में आगामी 10 नवंबर को शहर में श्रीगोवर्धन की नगर परिक्रमा कराई जाएगी। मंडल की ओर से यह 12वां आयोजन होगा। कार्यक्रम की तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। कार्यक्रम में विधायक राजेश जून को बतौर मुख्य अतिथि आमंत्रित किया गया है। यात्रा अग्रवाल कॉलोनी स्थित एमसी पार्क से आरंभ होगी। फिर नाहरा, नाहरी रोड, मॉडल आउन, अनाज मंडी होते हुए वापस एमसी पार्क में संपन्न होगी। आयोजकों के अनुसार, परिक्रमा में बुजुर्गों के लिए ई रिक्शा की व्यवस्था रहेगी।

पेंशनभोगी एक नवंबर से जमा करवाएं जीवन प्रमाणपत्र

झज्जर। जिला कोषाधिकारी संजय फौगाट ने बताया कि जिला खजाना कार्यालय व उप खजाना कार्यालयों से पेंशन प्राप्त करने वाले सभी पेंशनभोगी अपना जीवन प्रमाण पत्र संबधित खजाना कार्यालय में जमा करवाएं। यह सुविधा सभी डाकघरों द्वारा घर पर भी उपलब्ध करवाई जा रही है, जिसके लिए निर्धारित शुल्क का प्रावधान है। यह ऑनलाइन जीवन प्रमाण पत्र सुविधा सभी कॉमन सर्विस सेंटरों व अटल सेवा केंद्रों पर भी उपलब्ध है। ऑनलाइन प्रमाण पत्र स्मार्टफोन के माध्यम से भी जमा करवाया जा सकता है।

रेलवे कर्मी का मोबाइल ले भागा युवक

बहादुरगढ़। छुड़ानी निवासी पुष्पेंद्र का कहना है कि वह रेलवे में गैंगमैन के तौर पर कार्यरत है। वीरवार को वह 35-सी फाटक पर तैनात था। करीब साढ़े तीन बजे एक युवक ने गुमटी का दरवाजा खटखटाया। उसने पहले रास्ता पूछा फिर एकाएक मोबाइल छीनकर अपने साथियों संग गाड़ी में बैठकर फरार हो गया। जीआरपी बहादुरगढ़ ने केस दर्ज किया है।

निजीकरण के विरोध में दूसरे दिन शाम तक जारी रही बिजली कर्मचारियों की हड़ताल, जनता रही परेशान

बत्ती गुल, टेंशन फुल

कई इलाकों में बिजली न आने से इनवर्टर बैटरी भी हुए फेल, पानी की किल्लत से भी जनजीवन प्रभावित

डेयरी प्रोडक्टस की दुकानों पर माल हुआ खराब, हड़ताल खत्म होने पर आज से राहत की उम्मीद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

निजीकरण के विरोध में दो दिन से हड़ताल पर चल रहे बिजली निगम कर्मचारियों की हड़ताल का व्यापक असर दिखाई दिया। जिले के अधिकांश गांव और शहरी क्षेत्र अंधेरे में डूबे रहे, जिसके कारण जहां त्योहारी सीजन में बाजार में कारोबार प्रभावित रहा, वहीं लोगों को अपने रोजमर्रा के कार्य निपटाने में भी काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। बिजली नहीं होने के कारण डेयरी प्रोडक्टस बेचने वाले दुकानों का सामान खराब हो गया। जिसके कारण उन्हें काफी नुकसान हुआ। स्थिति यह रही कि लोग जनरेटर और इनवर्टर की वैकल्पिक व्यवस्था करते हुए भी दिखाई दिए। उधर, देर सायं कर्मचारियों की सरकार के साथ बनी सहमति के बाद हड़ताल वापिस लेने और काम पर लौटने की घोषणा के बाद आमजन को राहत मिली है। उम्मीद है कि शनिवार से जीवन पूरी तरह सामान्य हो जाएगा।

वहीं, हड़ताल के दूसरे दिन कर्मचारी बिजली निगम कार्यालय में धरने पर बैठे रहे। कर्मचारियों ने निजीकरण के विरोध में जमकर नारेबाजी की। बिजली निगम यूनियन के यूनिट प्रधान रामदर्शन ने कहा कि कर्मचारियों की अपनी कोई मांग नहीं है,बल्कि उनकी लड़ाई जनता के हितों को ध्यान में रखकर लड़ी जा रही है। सरकार ने गुरुग्राम और नूंह जिलों के सर्किल बिजली डिवीजनों को निजी कंपनियों के हाथों में सौंपने का फैसला लिया है, जिसका यूनियन विरोध कर रही है। उन्होंने स्पष्ट किया कि बिजली निगम का निजीकरण किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।



झज्जर। बिजली निगम कार्यालय में धरनारत कर्मचारी।



बहादुरगढ़। शहर में प्रदर्शन करते बिजली कर्मचारी।

बेरी में बिजली कर्मचारियों ने निकाला रोष मार्च, जमकर की नारेबाजी



झज्जर। निजीकरण के विरोध में करखा बेरी स्थित बिजली निगम कार्यालय परिसर में कर्मचारियों ने दूसरे दिन भी धरना-प्रदर्शन किया । धरने की अध्यक्षता सब यूनिट प्रधान अमित हुड्डा ने की, जबकि मंच का संचालन नरेंद्र रंगा ने किया। धरने में मुख्य रूप से सर्कल सचिव भूपेंद्र यादव, यूनिट सचिव चंद्रकांत, अनिल दीक्षित, जसविंदर, मनोज, नरेंद्र सहित अन्य कर्मचारी मौजूद रहे। वहीं धरने को समर्थन देने के लिए हरियाणा रोडवेज रिटायर्ड कर्मचारी संघ के प्रधान सुरेंद्र, सैन समाज कमेटी बेरी के प्रधान कृष्ण, बेरी व्यापार मंडल के प्रधान अत्तर सिंह सहित अन्य संगठनों से जुड़े प्रबुद्धजन शामिल रहे। धरने के उपरांत बिजली कर्मचारियों ने बेरी कार्यालय से भागलपुरी चौक होते हुए बेरी बस स्टैंड तक रोष मार्च निकाला। इस दौरान कर्मचारियों ने निजीकरण के विरोध में नारेबाजी की और सरकार से बिजली निगम को निजी हाथों में सौंपने की प्रक्रिया पर रोक लगाने की मांग की। उन्होंने कहा कि बिजली निगम का निजीकरण न केवल कर्मचारियों के हितों के विरुद्ध है, बल्कि इससे आम उपभोक्ताओं को भी भविष्य में परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है।

रोजमर्रा के कार्य निपटाने में भी हुई परेशानी

हड़ताल के कारण शहर के अधिकांश क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति बंद रही। जिसके कारण लोगों को अपने रोजमर्रा के कार्य निपटाने में भी परेशानी हुई। वहीं बाजार का कारोबार पूर्णतया ठप रहा। लगातार दूसरे दिन बिजली की सप्लाई नहीं होने के कारण इनवर्टर बैटरी भी फेल हो गए और दुकानों में अंधेरा पसरा रहा। त्योहारी सीजन में दुकानदार निराश दिखाई दिए।

शहर में प्रदर्शन कर गरजे कर्मचारी

- देवीलाल पार्क में एकजुट होकर निजीकरण का किया विरोध

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

निजीकरण के खिलाफ बिजली कर्मचारियों की हड़ताल दूसरे दिन देर शाम तक जारी रही। बहादुरगढ़ में हड़तालाी कर्मचारियों ने दूसरे दिन भी जोरदार प्रदर्शन किया। सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए निजीकरण पर अंकुश लगाने की मांग उठाई।

प्रदर्शन की अध्यक्षता बिजेंद्र सैनी ने की, जबकि मंच संचालन अमित ने किया। प्रदर्शन देवीलाल पार्क से शुरू होकर रोहतक-दिल्ली रोड, रेलवे रोड, पावर हाउस चौक आदि मार्गों से होते हुए वापस देवी लाल पार्क में समाप्त हुआ। इस दौरान बड़ी संख्या में बिजली कर्मचारियों व अधिकारियों ने भाग लेकर निजीकरण के फैसले के प्रति रोष जताया। प्रदर्शन में प्रदीप काजला, डीटीसी जनरल सेक्रेटरी राज सिंह, जिलाध्यक्ष सुरजीत आदि भी शामिल हुए। संयुक्त संघर्ष मोर्चा के नेता बिजेंद्र सैनी, सुमित देसवाल, राजकुमार, उमेश और राकेश आदि ने कहा कि मोर्चा किसी भी कीमत पर बिजली का निजीकरण नहीं होने देगा। हरियाणा विद्युत नियामक आयोग द्वारा इलेवन पावर प्राइवेट लिमिटेड को दिया गया समानांतर लाइसेंस बिजली वितरण व्यवस्था के निजीकरण की दिशा में उठाया गया कदम है। इससे आम उपभोक्ताओं, किसानों और बिजली कर्मचारियों के हित प्रभावित होंगे। बिजली वितरण व्यवस्था आम जनता की मूलभूत आवश्यकता है और इसे निजी हाथों में सौंपने के प्रयासों का लगातार विरोध किया जाएगा। नेताओं ने चेतावनी दी कि यदि सरकार समानांतर लाइसेंस देने का फैसला वापस लेकर निजीकरण की प्रक्रिया पर रोक नहीं लगाती तो हड़ताल के बारे में ठोस फैसले लिए जाएंगे। उन्होंने कर्मचारियों से एकजुट होकर संघर्ष जारी रखने का आह्वान किया।

समालखा जा रहे श्रद्धालुओं के साथ हादसा

केएमपी पर खड़े ट्रक से बस की टक्कर, नौ सवारी घायल

- नागरिक अस्पताल में उपचार के बाद अब राजस्थान के घायलों की हालत खतरे से है बाहर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

केएमपी एक्सप्रेस-वे पर आसौदा टोल के पास बीती रात को हादसा हो गया। यहां श्रद्धालुओं से भरी एक बस सड़क किनारे खड़े ट्रक से टकरा गई। हादसे में बस में सवार आधा दर्जन से अधिक लोग चोटिल हो गए। घायलों को नागरिक अस्पताल में भर्ती कराया गया है। शुक्रवार दोपहर तक इस संबंध में बयान नहीं हो सके थे।

जानकारी के अनुसार, राजस्थान के भरतपुर जिले से एक बस पानीपत के समालखा जा रही थी। इसमें 58 लोग सवार थे और ये समालखा स्थित एक धार्मिक आयोजन में शामिल होने जा रहे थे। वीरवार की रात को केएमपी पर जब आसौदा टोल के पास पहुंचे तो सड़क पर खड़े ट्रक से बस टकरा गई। सवारियों से खचाखच भरी होने के कारण टक्कर के बाद बस में उथल पुथल मच गई और आधा दर्जन से अधिक लोग चोटिल हुए। राहगीरों ने घायलों को संभाला और उन्हें नागरिक अस्पताल में ले जाया गया। सूचना पाकर आसौदा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और आवश्यक कार्रवाई शुरू की। घायलों की हालत खतरे से बाहर है। किशोरीलाल, लक्ष्मी, धर्मा, मान सिंह, मोती, मुक्ति, हरिमोहन, सोनू, मोती सहित अन्य चोटिल हुए हैं। किशोरीलाल ने कहा कि हम सभी समालखा जा रहे थे। अचानक हादसा हो गया। हादसे में 9 लोग घायल हुए हैं। शुक्रवार शाम तक इस संबंध में केस दर्ज नहीं हो सका था।





बहादुरगढ़। नागरिक अस्पताल में भर्ती घायल।

कॉलेज का एडमिशन पोर्टल फिर खुला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर



डॉ. अमित भारद्वाज

उच्चतर शिक्षा विभाग ने विभिन्न कॉलेजों में बीए, बीएससी, बीकॉम, बीबीए और बीसीए आदि स्नातक कक्षाओं और एमए, एमएससी और एमकॉम आदि स्नातकोत्तर कक्षाओं में दाखिले का एडमिशन पोर्टल दोबारा खोल दिया है। साथ ही द्वितीय वर्ष और तृतीय वर्ष के पुराने विद्यार्थियों के दाखिलों के लिए भी पोर्टल खुल गया है। सभी कक्षाओं के दाखिले एक नवंबर तक होंगे। राजकीय स्नातकोत्तर नेहरू महाविद्यालय के मीडिया प्रभारी डॉक्टर अमित भारद्वाज ने बताया कि जिन विद्यार्थियों ने एडमिशन नहीं लिया है, वे बिना देरी किए ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। स्नातक कक्षाओं की 508 सीटें खाली हैं। इनमें बीए की 118, बीबीए की, 19, बीकॉम की 62, बीसीए की 02, बीएससी लाइफ साइंस की 27, बीएससी फिजिकल साइंस की 257, बीएससी गणित की 23 सीटें खाली हैं। वहीं स्नातकोत्तर कक्षाओं की 190 सीटें खाली हैं। इनमें एमए हिंदी की 03, एमए भूगोल की 23, एमए पत्रकारिता एवं जनसंचार की 17, एमए मनोविज्ञान की 17, एमकॉम की 91, एमएससी गणित की 27 और एमएससी कंप्यूटर विज्ञान की 12 सीटें खाली हैं।

नर्सिंग स्टाफ को 15 महीने से नहीं मिला वाशिंग अलाउंस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

नागरिक अस्पताल में कार्यरत नर्सिंग ऑफिसर्स ने शुक्रवार को निर्धारित वर्दी के बजाय फॉर्मल ड्रेस पहनकर सांकेतिक विरोध जताया। उन्होंने बकाया अलाउंस जारी करने की मांग उठाई। नर्सिंग स्टाफ का कहना है कि उन्हें करीब 1150 वॉशिंग अलाउंस मिलता है। कई बार मांग उठाने के बावजूद 15 माह से भुगतान नहीं हुआ है। सीनियर नर्सिंग ऑफिसरों को पिछले माह से अलाउंस मिलना शुरू हो गया है, जबकि नर्सिंग ऑफिसरों को अभी तक भुगतान नहीं मिला। अस्पताल में ड्यूटी के दौरान निर्धारित वर्दी पहनना अनिवार्य है, जिसकी नियमित धुलाई और रखरखाव पर खर्च होता है। अलाउंस नहीं मिलने से उन्हें यह खर्च अपनी जेब से उठाना पड़ रहा है। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों से बकाया राशि का जल्द भुगतान सुनिश्चित करने की मांग की ताकि कर्मचारियों को राहत मिल सके।

खाद्य सुरक्षा विभाग ने छापे मारकर मिठाइयों के 23 सैंपल भरे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

त्योहारी सीजन में मिठाइयों की बढ़ती मांग के बीच मिलावट की आशंका को देखते हुए खाद्य सुरक्षा विभाग ने छापेमारी तेज कर दी है। शुक्रवार को जिला खाद्य सुरक्षा अधिकारी डॉ. राजेश वर्मा के नेतृत्व में टीम ने बहादुरगढ़, आसौदा और रोहद गांव में मिठाई की दुकानों पर जांच अभियान चलाया। इस दौरान विभिन्न दुकानों से मिठाइयों के 23 सैंपल लिए गए, जिन्हें जांच के लिए प्रयोगशाला भेजा जाएगा। रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। विभाग की टीम ने डोडा बर्फी, मावा, पेड़े, बर्फी और बेसन के लड्डू सहित कई तरह की मिठाइयों के सैंपल लिए। कार्रवाई के दौरान मिठाई विक्रेताओं में हड़कंप मचा रहा। टीम में डॉ. राजेश वर्मा के साथ मनोज और मनदीप भी शामिल रहे। डॉ. वर्मा ने मिठाई विक्रेताओं को गुणवत्ता से समझौता नहीं करने की चेतावनी देते हुए कहा कि लोगों की सेहत के साथ खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। वहीं, आमजन से भी मिठाइयां खरीदते समय गुणवत्ता पर ध्यान देने और सस्ते के लालच में खरीदारी करने से बचने की अपील की गई। उन्होंने कहा कि किसी दुकान पर मिठाइयों में गड़बड़ी नजर आए तो विभाग को सूचित करें। मिलावटखोरी पर अंकुश लगाने के लिए आगे भी छापेमारी अभियान जारी रहेगा।



बहादुरगढ़। एक दुकान पर मिठाइयों के सैम्पल लेते अधिकारी।

चर्चा गांव हसनपुर में पैरी अर्बन एग्री लीडरशिप समिट-2026 का आयोजन

आय बढ़ाने को आधुनिक तकनीक अपनाएं किसान : भागीरथ

- केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण राज्य मंत्री भागीरथ चौधरी बोले-फसल विविधीकरण, बागवानी, फूलों की खेती और प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देना जरूरी

प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के लिए सरकार प्रतिबद्ध

हरियाणा के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा ने कहा प्रदेश सरकार प्राकृतिक खेती को निरंतर बढ़ावा दे रही है। किसानों को परंपरागत खेती के साथ-साथ कृषि क्षेत्र में उपलब्ध अन्य विकल्पों को भी अपनाना चाहिए ताकि उनकी आय में वृद्धि हो सके। ओमप्रकाश धनखड़ ने कहा कि किसानों की जमीन और वर्तमान समय में कृषि व्यवस्था को सुरक्षित रखने के लिए खेती को आर्थिक रूप से लाभकारी बनाना जरूरी है। जब किसानों को उनकी मेहनत का उचित मूल्य मिलेगा और कृषि से पर्याप्त आमदनी होगी, तभी खेती की ओर युवाओं का रुझान बढ़ेगा तथा किसान अपनी जमीन से जुड़े रहेंगे।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

किसानों की आय बढ़ाने और खेती को लाभकारी बनाने के लिए कृषि क्षेत्र में आधुनिक तकनीकों को अपनाने के साथ-साथ फसल विविधीकरण, बागवानी, फूलों की खेती और प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देना जरूरी है। किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य दिलाने के लिए मूल्य संवर्धन, बेहतर विपणन व्यवस्था और सीधे बाजार तक पहुंच सुनिश्चित करने पर भी विशेष ध्यान देना होगा। यह बात केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण राज्य मंत्री भागीरथ चौधरी ने शुक्रवार को गांव हसनपुर में पूर्व कृषि मंत्री ओमप्रकाश धनखड़ के जन्मदिवस के अवसर पर एमआर स्कूल में आयोजित पैरी अर्बन एग्री लीडरशिप समिट-2026 को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि किसानों को समय के साथ साथ आधुनिक कृषि तकनीकों और नए कृषि विकल्पों को भी अपनाना चाहिए।



झज्जर। कार्यक्रम के दौरान मंचासीन केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण राज्य मंत्री भागीरथ चौधरी।

वायु गुणवत्ता सूचकांक 208 होकर खराब श्रेणी में पहुंचा

- ग्रेप वन की पाबंदियां लागू हो चुकी, प्रदूषण फैलाने वालों पर रहेगी सख्ती

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

दीपावली से पहले ही एनसीआर के जिलों में हवा की गुणवत्ता बिगड़ रही है। बहादुरगढ़ का प्रदूषण भी बढ़ने लगा है। शुक्रवार को वायु गुणवत्ता सूचकांक 208 रहा। बढ़ते प्रदूषण को देखते हुए बहादुरगढ़ में ग्रेप-1 की बंदिशें लागू हो चुकी हैं। आने वाले दिनों में हवा की गुणवत्ता और खराब होने की आशंका है। पिछले वर्षों में भी बहादुरगढ़ देश के सबसे प्रदूषित शहरों में शामिल रहा है।

दरअसल, सोमवार 19 अक्टूबर को एक्यूआई 171, मंगलवार को 196, बुधवार को 205 और वीरवार को 185 रिकॉर्ड किया गया था। ग्रेप के प्रथम चरण के अंतर्गत निर्माण और तोड़फोड़ की जगह पर एंटी-स्मॉग गन का इस्तेमाल जरूरी है। होटल, ढाबों और रेस्टोरेंट के तंदूर में कोयला या लकड़ी जलाने पर सख्त रोक रहेगी। सड़कों पर धूल उड़ने से रोकने के लिए पानी का छिड़काव और मशीनों से सफाई की जाएगी। यह जिम्मेदारी निकाय की होती है। कहीं भी खुले में कचरा या सूखे पत्ते जलाने वालों पर भारी जुर्माना लगाया जाएगा। तारकोल से बनने वाली सड़कों पर भी रोक रहती है, तारकोल गर्म होने से अधिक प्रदूषण फैलता है। बहादुरगढ़ में शुक्रवार को न्यूनतम तापमान 19 डिग्री सेल्सियस और अधिकतम तापमान 31 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

खबर संक्षेप

घरेलू कलह में पति के हमले से महिला की मौत

रोहतक। घर की चारदीवारी के भीतर शुरू हुआ विवाद कुछ ही देर में ऐसी दर्दनाक घटना में बदल गया कि घायल महिला अपनी जान बचाने के लिए पड़ोसियों के दरवाजे तक तो पहुंची, लेकिन अस्पताल पहुंचने से पहले ही उसकी सांसें थम गईं। गांव बहुअकबरपुर में शुक्रवार शाम घरेलू कलह के दौरान 36 वर्षीय मनीषा पर तेजधार हथियार से हमला किए जाने का मामला सामने आया है। गंभीर रूप से घायल मनीषा ने पीजीआई रोहतक ले जाते समय रास्ते में दम तोड़ दिया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, महिला पर हमला उसके पति सोमबीर ने किया।

विद्यार्थियों को करियर विकास के गुर सिखाए

रोहतक। महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय (एमडीयू) के इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज एंड रिसर्च (इमसार) के ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सेल की ओर से एमबीए विद्यार्थियों के लिए 'मैनेजमेंट, टेक्नोलॉजी, ग्लोबलाइजेशन एंड करियर डेवलपमेंट' विषय पर विशेषज्ञ व्याख्यान आयोजित किया गया। गोवा बिजनेस स्कूल, गोवा विश्वविद्यालय के पूर्व चेयरमैन एवं डीन प्रो. बी. रमेश ने विद्यार्थियों को बदलते कारोबारी परिवेश, वैश्वीकरण और करियर विकास के महत्वपूर्ण पहलुओं से अवगत कराया।



श्याम सिंह राणा का एमडीयू में स्वागत

रोहतक। हरियाणा के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा के महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय (एमडीयू) परिसर पहुंचने पर कुलपति प्रो. मिलाप पूनिया ने पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका स्वागत किया। इस अवसर पर डीन एकेडमिक अफेयर्स प्रो. रणदीप राणा, डीन कॉलेज डेवलपमेंट प्रो. राजेश पूनिया, निदेशक जनसंपर्क सुनित मुखर्जी तथा फैकल्टी हाउस इंचार्ज डॉ. संजीव कुमार ने भी कृषि मंत्री का अभिनंदन किया।

राजकीय महाविद्यालय बहादुरगढ़ में पाक-कला, दीया सजावट व वेस्ट से बेस्ट गतिविधियां करवाई

बेकार चीजों को सजाकर छात्रों ने दिखाई प्रतिभा

प्रतियोगिता में सत्यम प्रथम, रोनित द्वितीय और आयुष तृतीय रहे



बहादुरगढ़। विजेता व प्रतिभागी विद्यार्थियों के साथ प्रिंसिपल व अन्य।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

शहर के राजकीय महाविद्यालय में वाणिज्य, प्रबंधन एवं अर्थशास्त्र विभागों द्वारा संयुक्त रूप से रचनात्मक उद्यमिता – कला, भोजन एवं नवाचार विषय पर प्रतियोगिता आयोजित की गई। इसमें पाक-कला उद्यमिता, रचनात्मक दीया सजावट तथा बेकार वस्तुओं से उपयोगी वस्तुएं बनाने जैसी गतिविधियां शामिल रहीं। विद्यार्थियों ने अपनी रचनात्मकता, नवाचार और उद्यमशीलता का उत्साहपूर्वक प्रदर्शन किया। पाक-कला उद्यमिता प्रतियोगिता में प्रथम सत्यम, द्वितीय रोनित और तृतीय आयुष रहे। रचनात्मक दीया सजावट प्रतियोगिता में सिमरन प्रथम, कामिनी द्वितीय और जैस्मीन तृतीय रहे। बेकार वस्तुओं से उपयोगी वस्तुएं बनाने की प्रतियोगिता में प्रथम यशिका, द्वितीय वैष्णवी और तृतीय सूक्ष्म रहा। कॉलेज प्राचार्या सुमन हुड्डा ने विद्यार्थियों को रचनात्मक विचारों को व्यावहारिक रूप देने, स्वरोजगार के अवसर तलाशने तथा पर्यावरण-अनुकूल नवाचार अपनाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि ऐसी गतिविधियां विद्यार्थियों में आत्मविश्वास, कौशल और उद्यमशील सोच विकसित करने में सहायक हैं। प्रतियोगिताओं का मूल्यांकन निर्णायक मंडल द्वारा किया गया। निर्णायक मंडल में मीनाक्षी कालरा, रीना कुमारी, किरन, धर्मेंद्र व पूनम शामिल रही। उन्होंने कहा कि ऐसी प्रतियोगिताओं से विद्यार्थियों में नवाचार, रचनात्मकता, संसाधनों के पुनः उपयोग और उद्यमशीलता को बढ़ावा मिलता है।

प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में हिमांशु, चेतना और प्रिया की टीम रही प्रथम



झज्जर। प्रतियोगिता के विजेता प्रतिभागी महाविद्यालय स्टाफ सदस्यों के साथ।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

राजकीय स्नातकोत्तर नेहरू महाविद्यालय में रक्षा अध्ययन विभाग के तत्वावधान में हरियाणा के इतिहास एवं संस्कृति पर आधारित अंतर-विभागीय प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता और संस्कृत विभाग द्वारा संस्कृत श्लोकोच्चारण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ प्रभारी प्राचार्य डॉक्टर सुरेंद्र कुमार पूनिया ने किया।

उन्होंने अपनी सांस्कृतिक धरोहर एवं इतिहास को जानने तथा सह-शैक्षणिक गतिविधियों में बढ़-चढ़कर भाग लेने के लिए प्रेरित किया। प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में कुल 14 टीमों ने भाग लिया। क्विज मास्टर की भूमिका डॉक्टर प्रताप फलसवाल ने निभाई और रोचक प्रश्नों के माध्यम से विद्यार्थियों के ज्ञान की परीक्षा ली। कड़े मुकाबले के बाद हिमांशु, चेतना और प्रिया की टीम ने पहला, जबकि मनदीप, साहिल और दीपक की टीम ने दूसरा तथा अपेक्षा, भतेरी और प्राची की टीम ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। वहीं संस्कृत श्लोकोच्चारण प्रतियोगिता में बीए द्वितीय वर्ष की छात्रा प्रिया ने पहला, बीए द्वितीय वर्ष की छात्रा दीपिका ने दूसरा तथा बीए प्रथम वर्ष के छात्र संतोष कुमार ने तीसरा स्थान प्राप्त किया।



बहादुरगढ़। एचएल सिटी के मॉल में स्टॉल पर उत्पाद देखती महिलाएं।

एचएल सिटी में आर्ट एंड क्राफ्ट उत्सव शुरू

- 6 नवंबर तक चलेगा उत्सव, हस्तशिल्प-कलात्मक उत्पादों की स्टॉल पर उमड़ने लगी भीड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

शहर की एचएल सिटी में शुक्रवार को बहादुरगढ़ आर्ट एंड क्राफ्ट उत्सव का शुभारंभ हुआ। प्राचीन कारीगर एसोसिएशन और रूरल अर्बन डेवलपमेंट फाउंडेशन के संयुक्त आयोजन में शुरू हुआ यह उत्सव 23 अक्टूबर से 6 नवंबर तक चलेगा। उत्सव में विभिन्न प्रकार के हस्तशिल्प और कलात्मक उत्पादों की स्टॉल लगाई गई हैं, जहां खरीदारी के लिए लोगों की भीड़ जुटने लगी है। खासकर महिलाओं में उत्सव को लेकर काफी उत्साह देखने को मिल रहा है।

शिल्पकार नीरज बोंदवाल ने बताया कि इस उत्सव का उद्देश्य पारंपरिक कला, हस्तशिल्प और कारीगरों के हुनर को बढ़ावा देने के साथ लोगों को एक ही स्थान पर विभिन्न प्रकार के कलात्मक उत्पाद उपलब्ध कराना है। ऐसे आयोजनों से स्थानीय स्तर पर कला और शिल्प को पहचान मिलती है तथा कारीगरों को अपने उत्पादों के प्रदर्शन और बिक्री के लिए बेहतर मंच मिलता है। उत्सव में लगी स्टॉल पर महिलाएं विशेष रुचि दिखा रही हैं। विभिन्न उत्पादों को देखने और खरीदारी करने के लिए आगंतुक पहुंच रहे हैं।

नहर में मिला युवक का शव, पहचान नहीं

रोहतक। शिवाजी कॉलोनी के पास नहर में एक युवक का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। नहर में शव दिखाई देने पर इसकी सूचना पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को नहर से निकलवाकर अपने कब्जे में लिया। फिलहाल मृतक की पहचान नहीं हो पाई है। पुलिस युवक की शिनाख्त करने के साथ ही मामले से जुड़े विभिन्न पहलुओं की जांच में जुटी है। जानकारी के अनुसार, शिवाजी कॉलोनी के पास से गुजर रही नहर में लोगों ने एक युवक का शव देखा। नहर में शव दिखाई देने के बाद आसपास के क्षेत्र में चर्चा फैल गई। इसके बाद मामले की सूचना पुलिस को दी गई। पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर घटनास्थल का जायजा लिया और आवश्यक कार्रवाई शुरू की। पुलिस के सामने सबसे पहले मृतक की पहचान करने की चुनौती है। युवक कौन था, वह कहां का रहने वाला था और नहर तक कैसे पहुंचा, इन सवालों के जवाब तलाशे जा रहे हैं। पुलिस शव की पहचान के लिए आवश्यक जानकारी जुटा रही है, ताकि मृतक के परिजनों तक पहुंचा जा सके।



झज्जर। साइबर क्राइम थाना परिसर में पौधरोपण करते हुए पुलिसकर्मी।

शहीद पुलिसकर्मियों की स्मृति में किया पौधरोपण

झज्जर। शहीद पुलिसकर्मियों की स्मृति में थाना साइबर क्राइम में पौधारोपण किया गया। निरीक्षक दर्शन सिंह ने कहा कि शहीदों का बलिदान हमें देश और समाज के प्रति अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने की प्रेरणा देता है। उनकी स्मृति में पौधारोपण करना प्रकृति के प्रति जिम्मेदारी निभाने और आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ वातावरण देने का सार्थक प्रयास है। उन्होंने कहा कि पौधे लगाना ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि उनकी नियमित देखभाल कर उन्हें वृक्ष बनने तक सुरक्षित रखना भी जरूरी है। शहीदों की स्मृति में लगाया गया प्रत्येक पौधा उनके बलिदान के प्रति सम्मान और बेहतर भविष्य की उम्मीद का प्रतीक है।

संस्कारम विश्वविद्यालय में दो दिवसीय वेबिनार का समापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

संस्कारम विश्वविद्यालय के विधि एवं कानूनी अध्ययन संकाय द्वारा अनुबंध लेखन एवं कानूनी नोटिस, रोजगारपरक कौशलों से सफलता की ओर विषय पर दो दिवसीय ऑनलाइन वेबिनार का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम लॉक्टोपस लॉ स्कूल के सहयोग से तथा विश्वविद्यालय के कॉर्पोरेट रिसोर्स सेंटर के समन्वय से आयोजित किया गया। वेबिनार का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को अनुबंध लेखन एवं कानूनी नोटिस तैयार करने की व्यावहारिक जानकारी प्रदान करना तथा इन क्षेत्रों में उपलब्ध व्यावसायिक अवसरों से परिचित कराना रहा। कार्यक्रम में विशेषज्ञ वक्ताओं अकांक्षा मिश्रा,मुख्य कार्यकारी अधिकारी, लॉक्टोपस लॉ स्कूल एवं बॉम्बे उच्च न्यायालय की नागपुर खंडपीठ की अधिवक्ता तथा विशाखा गिरहे,अधिगम प्रबंधक, लॉक्टोपस लॉ स्कूल एवं बॉम्बे उच्च न्यायालय की नागपुर खंडपीठ की अधिवक्ता ने विद्यार्थियों को संबोधित किया। प्रथम दिवस के सत्र में अनुबंध की संरचना, उसके प्रमुख प्रावधानों, स्टाम्प शुल्क, पंजीकरण शुल्क तथा अनुबंध लेखन से संबंधित व्यावसायिक संभावनाओं पर चर्चा की गई। द्वितीय दिवस में विभिन्न प्रकार के कानूनी नोटिस तैयार करने, उन्हें भेजने की प्रक्रियाओं तथा इस क्षेत्र में उपलब्ध रोजगार एवं स्वरोजगार के अवसरों की जानकारी दी गई।



झज्जर। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित विद्यार्थी एवं विश्वविद्यालय स्टाफ सदस्य।



झज्जर। प्रतियोगिता के दौरान उपस्थित विद्यार्थी एवं विश्वविद्यालय स्टाफ सदस्य।

संस्कारम विवि में हुई फ्री फायर ई-स्पोर्ट्स प्रतियोगिता

झज्जर। संस्कारम विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी की छात्र-नेतृत्व वाली तकनीकी टीम संस्कारम टेक रफ्तार द्वारा शुक्रवार को फ्री फायर ई-स्पोर्ट्स प्रतियोगिता आयोजित की गई। विश्वविद्यालय की कंप्यूटर लैब में आयोजित इस प्रतियोगिता में लगभग विद्यार्थियों ने 13 टीमों के साथ उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ डीन डॉक्टर गणेश कुमार दीक्षित द्वारा किया गया। उन्होंने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि ई-स्पोर्ट्स जैसी गतिविधियां रणनीतिक सोच, त्वरित निर्णय लेने की क्षमता, एकाग्रता और टीमवर्क को बढ़ावा देती हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को पढ़ाई के साथ-साथ अपनी प्रतिभा और रुचि से जुड़ी गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग विभाग के अन्य फैकल्टी सदस्य भी उपस्थित रहे।

सटीक आंकड़ों के लिए घर-घर पहुंचेगा प्रशासन, दस जनवरी से होगी स्व-गणना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

जनगणना-2027 के द्वितीय चरण को लेकर चल रहे दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुक्रवार को समापन हो गया। डीसी एवं प्रधान जनगणना अधिकारी वर्षा खांगवाल ने बताया कि जनगणना-2027 के द्वितीय चरण के तहत हरियाणा में 10 जनवरी से 24 जनवरी 2027 तक नागरिकों को ऑनलाइन स्व-गणना के माध्यम से अपनी जानकारी दर्ज करने का अवसर मिलेगा। इसके बाद 25 जनवरी से 28 फरवरी 2027 तक प्रगणक एवं पर्यवेक्षक घर-घर जाकर निर्धारित प्रश्नावली के अनुसार प्रत्येक परिवार और व्यक्ति से संबंधित जानकारी एकत्रित करेंगे। जनगणना की प्रक्रिया मोबाइल एप्लीकेशन के माध्यम से पूरी की जाएगी। प्रत्येक व्यक्ति से निर्धारित प्रश्नावली के तहत कुल 40 प्रश्न पूछे जाएंगे।



झज्जर। कर्मचारियों को ट्रेनिंग देते हुए मास्टर ट्रेनर।



बहादुरगढ़। प्रिंसिपल रीना के साथ पदक विजेता प्रियंका।

प्रियंका ने नेशनल व नार्थ जोन में जीते गोल्ड मेडल

बहादुरगढ़। बीते दिनों हुई सीबीएसई की बॉक्सिंग प्रतियोगिताओं में बहादुरगढ़ की प्रियंका छाई रही। शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रियंका ने कैथल में हुई नेशनल गर्ल्स बाक्सिंग चैंपियनशिप तथा खातीवास में हुई नार्थ जोन चैंपियनशिप में गोल्ड मेडल जीते। उसकी जीत पर परिजनों और शिक्षकों ने खुशी जताई है। प्रियंका ने अंडर-14 आयुवर्ग के 32 से 34 किलोग्राम भारवर्ग में ये उपलब्धि हासिल की है। बीएसएम सीनियर सेकेंडरी स्कूल की यह छात्रा पहले भी कई प्रतियोगिताओं में मेडल जीत चुकी है। निदेशक जितेंद्र लाठर, कुसुम लाठर ने प्रियंका को आशीर्वाद दिया। मुस्कान ने इस उपलब्धि को विद्यालय के लिए गर्व का क्षण बताया। प्रिंसिपल रीना ने कहा कि प्रियंका बेहद होनहार है। पढ़ाई के साथ साथ खेलों में भी अपने अभिभावकों, शिक्षकों, स्कूल का नाम रोशन कर रही है।

ट्रांसपोर्ट कंपनी का 23.03 लाख का माल खुर्द-बुर्द करने में एक और आरोपी पकड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

ट्रांसपोर्ट कंपनी के जरिए भेजे गए माल को खुर्द-बुर्द कर बेचने ने के मामले में सीआईए-1 बहादुरगढ़ ने एक और आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान दिल्ली के सुल्तानपुरी निवासी लिबांशु के रूप में हुई है। मामले में तीन आरोपियों को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है। पुलिस उनसे साढ़े 21 लाख रुपये नकद और माल बरामद कर चुकी है। सीआईए-वन प्रभारी निरीक्षक सुनील कुमार के अनुसार, 5 नवंबर 2025 को बरहाना औद्योगिक क्षेत्र स्थित शक्ति मान पैकेजिंग प्राइवेट लिमिटेड से सेल्फ एडहेसिव फिल्म रोल की खेप उत्तर प्रदेश के लखीमपुर और उन्नाव भेजने के लिए गाड़ी में लोड करवाई गई थी। दोनों बिलों के अनुसार माल की कीमत 23 लाख 3 हजार 529 रुपये थी। गाड़ी चालक लिबांशु और मालिक से संपर्क करने पर पहले गाड़ी खराब होने की बात कही गई। बाद में उन्होंने गाड़ी बहादुरगढ़ की न्यू ऑटो मार्केट, सेक्टर-12 में खड़ी होने और उसमें लदा माल चोरी होने की सूचना दी। शिकायतकर्ता को चालक और गाड़ी मालिक पर संदेह हुआ। जिसके बाद थाना सदर बहादुरगढ़ में मामला दर्ज किया गया।

आगामी कार्रवाई जारी

जांच के दौरान पुलिस ने 12 नवंबर को दिल्ली निवासी दिशांक और अनीश को गिरफ्तार किया। दिशांक की निशानदेही पर माल बेचकर मिली रकम में से 22 लाख 95 हजार रुपये बरामद किए गए। इसके बाद 13 नवंबर को कर्ण विहार निवासी देवेंद्र को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने अनीश से 25 हजार और देवेंद्र से 1.20 लाख रुपये बरामद किए। देवेंद्र की निशानदेही पर 14 नवंबर को दिल्ली के अलीपुर से माल भी बरामद किया गया। मामले में आगे की कार्रवाई करते हुए सीआईए-वन में तैनात एएसआई मनजीत कुमार की टीम ने लिबांशु को गिरफ्तार किया। पुलिस आरोपी से पूछताछ और मामले में आगामी कार्रवाई कर रही है।

हिमांशु नांदल ने एशियाई पैरा खेलों में कांस्य पदकों की हैट्रिक पूरी की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

भारतीय पैरा तैराक हिमांशु नादल ने शुक्रवार को यहां एशियाई पैरा खेलों में पुरुषों की 100 मीटर फ्रीस्टाइल एस11 स्पर्धा में कांस्य पदक जीतकर पदकों की हैट्रिक पूरी की। यह इन खेलों में उनका तीसरा कांस्य पदक है। ऑप्टिक नर्व (दृष्टि तंत्रिका) में खराबी के कारण जन्म से दृष्टिहीन 22 वर्षीय हिमांशु ने यह स्पर्धा एक मिनट 5.90 सेकंड में पूरी की। हिमांशु ने मंगलवार को पुरुषों की 400 मीटर फ्रीस्टाइल एस11 स्पर्धा में पांच मिनट 10.91 सेकंड का समय निकालकर अपने पदकों का खाता खोला था। चार तैराकों के बीच हुए मुकाबले में वह तीसरे स्थान पर रहे। इसके बाद उन्होंने 100 मीटर ब्रेस्टस्ट्रोक एस11 में कांस्य जीता और शुक्रवार को तीसरा पदक हासिल कर अपनी हैट्रिक पूरी की। एस11 वर्ग में दृष्टिबाधित खिलाड़ी हिस्सा लेते हैं। इसमें वे खिलाड़ी शामिल हैं जिनकी दृष्टि क्षमता बेहद कम है या जिन्हें प्रकाश का बिल्कुल भी आभास नहीं होता। हिमांशु की एशियाई पैरा खेलों तक की यात्रा बचपन से ही खेलों से जुड़ी रही है। रोहतक के गांव बोहर निवासी 22 वर्षीय युवा पैरा तैराक हिमांशु नांदल ने अपनी कड़ी मेहनत और दृढ़ संकल्प के बल पर खेल जगत में एक और बड़ी उपलब्धि हासिल की है।

चौधरी धीरपाल राजकीय महाविद्यालय में खिलाड़ियों ने दिखाया दमखम

वार्षिक एथलेटिक मीट में लक्ष्य व नविता बने सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

बादली के चौधरी धीरपाल राजकीय महाविद्यालय में शुक्रवार को 26वीं वार्षिक एथलेटिक मीट का आयोजन किया गया। एथलेटिक मीट के अंतर्गत विभिन्न ट्रैक एवं फील्ड स्पर्धाओं का आयोजन किया गया। पुरुष वर्ग के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का खिताब बीएससी तृतीय वर्ष के छात्र लक्ष्य ने प्राप्त किया और लड़कियों में बीए प्रथम वर्ष की छात्रा नविता को सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी घोषित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में एसडीएम विशाल गाखर तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में समाजसेवी अजीत गुलिया ने खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाया।



बहादुरगढ़। एथलेटिक मीट के दौरान भाला फेंकता छात्र।



बहादुरगढ़। विजेता खिलाड़ियों को सम्मानित करते प्रिंसिपल व अन्य।

प्राचार्य ने खेलों के महत्व पर डाला प्रकाश

विद्यार्थियों ने 100 मीटर, 200 मीटर, 800 मीटर, 1600 मीटर दौड़, 4×200 मीटर रिले दौड़, जैवलिन थ्रो, शॉट पुट, डिस्कस थ्रो, हाई जंप तथा लॉन्ग जंप आदि विभिन्न स्पर्धाओं में अपनी प्रतिभा एवं कौशल का प्रदर्शन करते हुए खेल भावना के साथ प्रतियोगिता में हिस्सा लिया। प्राचार्य मेजर आनंद कादयान ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए खेलों के महत्व पर प्रकाश डाला। आयोजन सचिव डॉ. रवि शर्मा रहे।

17 को कार्यकारी सदस्यों के लिए 667 मतदाता डालेंगे वोट, 20 को गवर्निंग बॉडी का चुनाव

बहादुरगढ़ चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के चुनाव की घोषणा से उद्योग जगत में हलचल

चुनाव कार्यक्रम जारी होने के बाद अब उद्योग जगत की निगाहें नामांकन प्रक्रिया और नई टीम के गठन पर टिकी हैं

हरिभूमि न्यूज ⏭ बहादुरगढ़

बहादुरगढ़ चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (बीसीसीआई) के चुनाव कार्यक्रम की घोषणा के साथ ही औद्योगिक क्षेत्र में चुनावी गतिविधियां तेज होने की संभावना है। कार्यकारी सदस्यों के चुनाव के लिए 17 नवंबर को मतदान होगा, जबकि गवर्निंग बॉडी का चुनाव 20 नवंबर को कराया जाएगा। अंतिम मतदाता सूची में 667 मतदाता शामिल हैं। चुनाव कार्यक्रम जारी होने के बाद अब उद्योग जगत की निगाहें नामांकन प्रक्रिया और नई टीम के गठन पर टिकी हैं।

सिटी पल्स

बता दें कि पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट के 2 जुलाई के आदेश के अनुपालन में चुनाव प्रक्रिया के लिए स्वतंत्र समिति गठित की गई थी। समिति ने मतदाता सूची के सत्यापन और संशोधन के बाद 667 मतदाताओं की सूची प्रस्तुत की थी। जिला रजिस्ट्रार ऑफ सोसायटीज की ओर से छह मतदाताओं को हटाने के बाद अंतिम सूची में 667 मतदाता रह गए हैं। एमडीयू के सेवानिवृत्त अधीक्षक राधेश्याम शर्मा को रिटर्निंग ऑफिसर नियुक्त किया गया है। कार्यकारी सदस्यों के चुनाव के लिए 26 और 27 अक्टूबर को नामांकन पत्र दाखिल किए जा सकेंगे। अगले दिन नामांकन पत्रों की जांच होगी। नामांकन 30 अक्टूबर को वापस लिए जा सकेंगे, जबकि 2 नवंबर को चुनाव चिह्न आवंटित किए जाएंगे।

मंगलवार 17 नवंबर को सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक मतदान होगा। मतगणना मतदान समाप्त होने के बाद उसी दिन की जाएगी। गवर्निंग बॉडी के चुनाव के लिए 18 नवंबर को निर्वाचित कार्यकारी सदस्यों की सूची जारी होगी। बैठक और नामांकन प्रक्रिया 19 नवंबर को पूरी की जाएगी। शुक्रवार 20 नवंबर को सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक मतदान होगा और उसी दिन मतगणना के बाद परिणाम घोषित किए जाएंगे। चुनाव के दौरान बीसीसीआई के उपनियमों के अनुसार आचार संहिता लागू रहेगी। अब सभी की निगाहें नामांकन प्रक्रिया पर रहेंगी, जिसके बाद यह स्पष्ट होगा कि बीसीसीआई के कार्यकारी सदस्यों और गवर्निंग बॉडी के चुनाव में कितने उम्मीदवार मैदान में उतरते हैं।



बहादुरगढ़। एमआईई में स्थित बीसीसीआई कार्यालय। फोटो : हरिभूमि

साफ-सफाई जैसे मुद्दों का समाधान जरूरी



उद्योगपति संजय नारंग का कहना है कि बहादुरगढ़ का औद्योगिक क्षेत्र हजारों लोगों को रोजगार देता है। बहादुरगढ़ के औद्योगिक क्षेत्र में सड़क, सीवरेज, जल निकासी, बिजली, प्रदूषण नियंत्रण, श्रमिक सुविधाओं और औद्योगिक विकास से जुड़े मुद्दे लगातार महत्वपूर्ण बने हुए हैं। उद्योगों से जुड़े मुद्दों पर सभी उद्यमियों को एक मंच पर लाना और उनकी सामूहिक आवाज प्रशासन तक पहुंचाना बीसीसीआई की नई टीम की प्रमुख जिम्मेदारी होनी चाहिए। औद्योगिक क्षेत्रों में सड़कों की स्थिति, जल निकासी और साफ-सफाई जैसे मुद्दों का समाधान जरूरी है।

औद्योगिक विकास की काफी संभावनाएं



पूर्व अध्यक्ष अशोक रेढू के अनुसार बहादुरगढ़ में औद्योगिक विकास की काफी संभावनाएं हैं। चैंबर को उद्योगों के विस्तार, नए निवेश, श्रमिकों की सुविधाओं और रोजगार बढ़ाने के मुद्दों पर ठोस पहल करनी चाहिए। गवर्निंग बॉडी ऐसी हो जो उद्योगों की समस्याओं को समझे और प्रशासन के साथ प्रभावी तरीके से बातचीत कर सकें। बुनियादी सुविधाओं में सुधार के लिए प्रशासन के साथ नियमित संवाद जरूरी है। बीसीसीआई की नई कार्यकारिणी ऐसी होनी चाहिए जो उद्योगपतियों की समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर उठाए।

योग्य और सक्रिय प्रतिनिधियों का करें चयन



उद्योगपति नवीन मल्होत्रा का मानना है कि चैंबर के सदस्यों को चुनाव में भाग लेकर योग्य और सक्रिय प्रतिनिधियों का चयन करना चाहिए। उद्योगों की समस्याओं का समाधान तभी संभव है जब चैंबर और प्रशासन के बीच नियमित संवाद हो। ऐसी टीम जरूरी है जो हर समय उद्योगपतियों के बीच रहकर उनकी समस्याओं के समाधान के लिए काम करे। नई गवर्निंग बॉडी को संबंधित विभागों के साथ बैठकें करके लंबित मामलों की समीक्षा करनी चाहिए। विभागीय समस्याओं को सामने रखने और व्यावहारिक समाधान तलाशने में सहयोग करने वाले पदाधिकारी चुने जाने चाहिए।



झज्जर। अनाज मंडी में बाजरा व धान खरीद व्यवस्था का जायजा लेते हुए कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा। फोटो : हरिभूमि

कृषि मंत्री ने बाजरा व धान खरीद का लिया जायजा

झज्जर। शुक्रवार सायं हरियाणा के कृषि एवं किसान कल्याण, पशुपालन एवं डेयरिंग मंत्री श्याम सिंह राणा ने अनाज मंडी का दौरा कर बाजरा व धान की खरीद व्यवस्था का जायजा लिया। उन्होंने खरीद प्रक्रिया का निरीक्षण किया और किसानों व आढ़तियों से बातचीत भी की। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि किसानों को अपनी फसल बेचने में किसी प्रकार की परेशानी नहीं होनी चाहिए तथा खरीद प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी, सुचारू और समयबद्ध ढंग से संचालित की जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि किसानों को गेट पास जारी करने में किसी प्रकार की अनावश्यक परेशानी न हो।

शीतल मान बनीं उत्तराखंड किसान कांग्रेस प्रभारी



बहादुरगढ़। अखिल भारतीय किसान कांग्रेस के चेयरमैन सरदार सुखपाल सिंह खैरा ने बहादुरगढ़ शीतल मान को उत्तराखंड किसान कांग्रेस का राज्य प्रभारी नियुक्त किया है। शीतल मान ने इस नियुक्ति के लिए नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी, सांसद कुमारी सैलजा, चेयरमैन सरदार सुखपाल सिंह खैरा और राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अखिलेश शुक्ला सहित कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त किया। शीतल मान वर्ष 2004 में कांग्रेस से जुड़ी थी। हरियाणा युवा कांग्रेस में महासचिव के रूप में 2008 तक उन्होंने युवाओं को कांग्रेस से जोड़ा। फिर वर्ष 2018 से 2021 तक तथा मई 2024 से जनवरी 2026 तक हरियाणा प्रदेश महिला कांग्रेस की महासचिव के तौर पर महिलाओं के सम्मान और सुरक्षा के लिए लगातार संघर्ष किया। वर्तमान में वे अखिल भारतीय किसान कांग्रेस की राष्ट्रीय समन्वयक हैं और इससे पहले पश्चिमी एवं पूर्वी उत्तर प्रदेश की प्रभारी रह चुकी हैं।



बहादुरगढ़। कार्यक्रम में पुलिस अधिकारियों व शिक्षकों के साथ छात्राएं। फोटो : हरिभूमि

साइबर अपराध के प्रति किया जागरूक

बहादुरगढ़। राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में पुलिस की नशा मुक्ति टीम द्वारा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में छात्राओं को सड़क सुरक्षा, नशा मुक्ति व साइबर अपराध के प्रति जागरूक किया गया। इस दौरान विद्यार्थियों को एसपीसी के प्रमाण पत्र भी वितरित किए गए।

निरीक्षक दयानंद ने विद्यार्थियों को यातायात नियमों का पालन करने, वाहन चलाते समय हेलमेट व सीट बेल्ट का प्रयोग करने तथा सड़क पर लापरवाही से बचने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने नशे के दुष्प्रभावों की जानकारी देते हुए युवाओं से नशे से दूर रहने और दूसरों को भी जागरूक करने की अपील की। उन्होंने महिला सशक्तिकरण पर जोर देते हुए पुलिस सहायता, महिला हेल्पलाइन 1091 और आपातकालीन सहायता नंबर 112 के बारे में बताया।

साथ ही विद्यार्थियों को शिक्षा का महत्व समझाते हुए कहा कि शिक्षा आत्मनिर्भरता, आत्मविश्वास और उज्ज्वल भविष्य की नींव है। एसआई देवेंद्र, सत्यप्रकाश, सीता, नीलम आदि पुलिस अधिकारी व शिक्षक कार्यक्रम में मौजूद रहे।

राज्य शिक्षक पुरस्कार विजेताओं का किया सम्मान

झज्जर। राजकीय प्राथमिक शिक्षक संघ हरियाणा की झज्जर इकाई द्वारा शहीद रमेश कुमार मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में राज्य शिक्षक पुरस्कार विजेता शिक्षकों के सम्मान में समारोह आयोजित किया गया। जिसमें सभी शिक्षकों को शॉल एवं स्मृति-चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। सोनू कुमार शर्मा ने बताया कि शिक्षकों का सम्मान केवल किसी व्यक्ति की उपलब्धि का सम्मान नहीं, बल्कि पूरी शिक्षा व्यवस्था और समाज की उस शक्ति का सम्मान है, जो आने वाली पीढ़ियों का भविष्य संवारती है। इस दौरान डीईओ रतिंद्र सिंह, डीईईओ राज बाला मलिक, बीईओ साल्हवास जयपाल दहिया, राजकीय प्राथमिक शिक्षक संघ हरियाणा के प्रदेशाध्यक्ष तरुण सुहाग सहित अन्य भी मौजूद रहे।

इन शिक्षकों का किया सम्मान : संजय शर्मा, नरेंद्र कुमार, बिजेंद्र अहलावत, अनिल सैनी, नरेंद्र मान, दलवंती सहरावत, डॉ. राजेंद्र शर्मा, डॉ. संजीव कुमार खत्री, ऋतु जांगड़ा प्रदीप अत्री, विनोद राणा, जयपाल लाठर, बबीता, सोनू कुमार, डॉ. बीरमती शामिल हैं।



झज्जर। राज्य शिक्षक पुरस्कार विजेता को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित करते हुए विभागीय अधिकारी। फोटो : हरिभूमि

कांग्रेसियों ने बिजली कर्मियों की हड़ताल का किया समर्थन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बहादुरगढ़

बिजली कर्मचारियों की तीन दिवसीय हड़ताल के बीच हरियाणा युवा कांग्रेस के प्रदेश मीडिया चेयरमैन प्रदीप यादव, ग्रामीण ब लॉक अध्यक्ष सीटू बराही और शेहरी ब्लॉक अध्यक्ष कमल अरोड़ा ने देवीलाल पार्क पहुंचकर हड़ताली कर्मचारियों की मांगों का समर्थन किया।

प्रदीप यादव ने कहा कि नायब सरकार अपनी जिम्मेदारी निभाने में विफल रही है। सरकार को बयानबाजी बंद कर कर्मचारियों की समस्याओं का समाधान करना चाहिए। निजीकरण का सीधा असर आम जनता पर पड़ सकता है और भविष्य में बिजली की दरें बढ़ने से उपभोक्ताओं पर आर्थिक बोझ बढ़ने की आशंका है। सीटू बराही ने कहा कि बिजली विभाग के निजीकरण को लेकर कर्मचारियों के मन में नौकरी की सुरक्षा और भविष्य को लेकर वाजिब चिंताएं हैं।

बिजली व्यवस्था का सीधा संबंध प्रत्येक परिवार, दुकानदार, किसान और छोटे-बड़े कारोबार से है। कमल अरोड़ा ने कहा कि सरकार को कर्मचारियों की चिंताओं को दूर कर उनके रोजगार, वेतन और सेवा शर्तों की सुरक्षा का भरोसा देना चाहिए।

कांग्रेस कर्मचारियों के साथ अन्याय नहीं होने देगी और उनके अधिकारों से जुड़े मुद्दों को मजबूती से उठाती रहेगी।



बहादुरगढ़। बिजलीकर्मियों को समर्थन देते कांग्रेस पदाधिकारी। फोटो : हरिभूमि



बहादुरगढ़। आईटीआई के उत्कृष्ट छात्रों को पुरस्कृत करते आयोजक।

छात्रों को सभी बुराइयों से दूर रहने का किया आह्वान

बहादुरगढ़। शुक्रवार को जहांगीरपुर स्थित पंडित जागे राम राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में पंडित जागेराम का स्मृति दिवस मनाया गया। प्रधानाचार्य अनिल कुमार की अध्यक्षता में हुए कार्यक्रम में उत्कृष्ट छात्रों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित ग्रामीणों ने छात्रों को सभी बुराइयों से दूर रहने का आह्वान किया।

शेष नोटिस की सुनवाई 28 तक होगी पूरी

- छह नवंबर को जारी होगी अंतिम मतदाता सूची

हरिभूमि न्यूज ⏭ झज्जर

जिले में एसआईआर का कार्य पारदर्शी एवं व्यवस्थित तरीके से किया जा रहा है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी हरियाणा ए श्रीनिवास ने प्रदेश के सभी जिलों के उपायुक्तों के साथ वीसी के माध्यम से एसआईआर अभियान की समीक्षा की। जिसमें डीसी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी वर्षा खांगवाल ने मुख्य निर्वाचन अधिकारी को जिले में एसआईआर के तहत चल रही गतिविधियों और कार्यों की विस्तृत जानकारी दी। वीसी उपरांत डीसी ने संबंधित अधिकारियों की बैठक लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि एसआईआर प्रक्रिया के तहत जारी किए गए नोटिस पर सुनवाई का कार्य जारी है। शेष नोटिस की सुनवाई 28 अक्टूबर तक पूरी करने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि अंतिम मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन आगामी छह नवंबर को किया जाएगा।



झज्जर। बैठक के दौरान आवश्यक दिशा निर्देश देती डीसी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी वर्षा खांगवाल। फोटो : हरिभूमि

डीसी ने नशे के नेटवर्क पर निगरानी रखने के दिए निर्देश

झज्जर। नशे की समस्या पर प्रभावी नियंत्रण के लिए सभी संबंधित विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करें। नशा तस्करी में संलिप्त लोगों के खिलाफ नियमानुसार सख्त कार्रवाई सुनिश्चित करते हुए युवाओं को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करने के लिए भी व्यापक अभियान चलाया जाए। यह निर्देश डीसी वर्षा खांगवाल ने एनकॉर्ड बैठक के दौरान नशा नियंत्रण से संबंधित कार्यों की समीक्षा करते हुए दिए। उन्होंने कहा कि नशे के खिलाफ लड़ाई में पुलिस, प्रशासन, स्वास्थ्य, शिक्षा सहित सभी संबंधित विभागों की महत्वपूर्ण भूमिका है। सभी विभाग निर्धारित जिम्मेदारियों के अनुरूप गंभीरता से कार्य करते हुए नशा मुक्त समाज के निर्माण में योगदान दें। उन्होंने निर्देश दिए कि नशा तस्करी से संबंधित गतिविधियों पर निगरानी रखी जाए तथा संदिग्ध गतिविधियों की जानकारी मिलने पर त्वरित कार्रवाई की जाए।



झज्जर। रक्तदाताओं को प्रशस्ति पत्र प्रदान करते हुए मुख्यातिथि डॉ. सुशील गुप्ता।

युवाओं ने रक्तदान कर दिया मानवता का संदेश

झज्जर। गंगा इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड मैनेजमेंट कबलाना में शुक्रवार को अमर शहीद लाला जगत नारायण की 45वीं पुण्यतिथि के उपलक्ष्य में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। संस्थान के चेयरमैन व पूर्व राज्यसभा सांसद डॉक्टर सुशील गुप्ता ने लाला जगत नारायण के सेवा आदर्शों को याद करते हुए कहा कि रक्तदान से जरूरतमंदों का जीवन बचाया जा सकता है, इसलिए सक्षम लोगों को इसके लिए आगे आना चाहिए। निदेशक अमन अग्रवाल ने रक्तदान को मानवता की श्रेष्ठ सेवा बताते हुए युवाओं को इस प्रकार के आयोजनों में बढ़-चढ़कर भाग लेने का आह्वान किया। शिविर में विद्यार्थियों, स्वयंसेवकों और रक्तदाताओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर मानवता का संदेश दिया।

रोहतक के बोहर में 26 की महापंचायत में शामिल होने का दिया न्योता

सांखोल, टांडाहेड़ी व मांडौठी में किया जनसंपर्क

हरिभूमि न्यूज ⏭ बहादुरगढ़

ऑल इंडिया किसान खेत मजदूर संगठन के कार्यकर्ताओं ने केंद्र व प्रदेश सरकार की किसान-मजदूर विरोधी नीतियों के खिलाफ आंदोलन तेज करने के लिए सांखोल, टांडाहेड़ी व मांडौठी गांव में जनसंपर्क अभियान चलाया। रोहतक के बोहर में 26 अक्टूबर को होने वाली महापंचायत में शामिल होने का न्योता दिया।

संगठन के प्रदेश सचिव जयकरण मांडौठी, जिला कमेटी सदस्य भारत व जिले सिंह ने बताया कि मंडियों में किसानों को बाजरे और पीआर धान बेचने में काफी परेशानी हो रही है और उन्हें कम दामों पर अपनी फसल बेचनी पड़ रही है। भाजपा सरकार ने किसानों से वायदा करके भी लागत से डेढ़ गुणा एमएसपी पर खरीद की गारंटी का कानून नहीं बनाया। किसान मजदूरों को कर्ज मुक्त नहीं किया और बर्बाद हुई फसलों का उचित मुआवजा नहीं दिया। शिक्षा व इलाज आम आदमी की पहुंच से बाहर कर दिया। गुरुग्राम व नूंह जिले के बिजली वितरण षेत्र को निजी हाथों में सौंप दिया है। अमेरिका के साथ जन विरोधी मुक्त व्यापार समझौता किया जा रहा है, जो देश के किसानों और दुग्ध उत्पादकों के लिए मौत का फरमान है। सरकार की जन विरोधी नीतियों के खिलाफ 26 अक्टूबर को बोहर में यह महापंचायत की जा रही है। जिसमें विभिन्न मांगों को प्रमुखता से उठाया जाएगा।



बहादुरगढ़। ग्रामीणों को महापंचायत का निमंत्रण देते जयकरण मांडौठी।

एमपीएचई एसोसिएशन ने मुख्यमंत्री के आवास के घेराव कार्यक्रम को लेकर किया मंथन

हरिभूमि न्यूज ⏭ झज्जर

एमपीएचई एसोसिएशन की जिला कार्यकारिणी की बैठक जिला प्रधान प्रवीण कुमार की अध्यक्षता में हुई। बैठक में राज्य कमेटी के आहवान पर रविवार को मुख्यमंत्री आवास का घेराव करने के बारे में विचार विमर्श किया गया। अशोक कुमार हेल्थ इंस्पेक्टर ने बताया कि प्रतिवर्ष नई नई बीमारियां फैल रही है और सरकार कर्मचारियों के पदों को खत्म कर रही है। उन्होंने कहा कि सरकार समाज में बीमारियां फैलाने का काम कर रही है न कि समाज को बीमारियों से बचाने का।

वीरेंद्र दलाल ने बताया कि कर्मचारियों की संख्या बढ़ाने की बजाय घटाने का कार्य कर रही है। उन्होंने बताया कि हर महीने कर्मचारी रिटायर्ड हो रहे हैं सरकार को चाहिए कि रिटायर्ड कर्मचारियों की जगह नए कर्मचारियों की भर्ती की जाए। बैठक के बाद सभी कर्मचारी बिजली दफ्तर में बिजली कर्मचारियों के धरने का समर्थन करने के लिए पहुंचे। इस दौरान अनिल खजांची, विनय, अशोक पाटोदा, सुखबीर, सुरेंद्र, रामपाल, सावन, कृष्णा, धीरज, अमित सहित अन्य भी मौजूद रहे।



झज्जर। बैठक के दौरान उपस्थित कर्मचारी। फोटो : हरिभूमि

सूचना

हम चेतराम पुत्र मन्सा राम व सुनीता पत्नी श्री चेतराम निवासी गांव कानौंदा, तहसील बहादुरगढ़, जिला झज्जर, हरियाणा शपथपूर्वक बयान करते हैं कि हमारा पुत्र दीपक और पुत्रवधू अनीता हमारे कहने सुनने से बाहर हैं और हम उनसे अपने तमाम संबंध समाप्त करते हुए अपनी चल-अचल संपति से बेदखल करते हैं। भविष्य में उनके साथ किसी तरह का लेन-देन करने व व्यवहार रखने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। दीपक व उसकी पत्नी अनीता अपने प्रत्येक कार्य के लिए स्वयं जिम्मेवार होंगे। हमारा व हमारे परिवार के सदस्यों का उनसे कोई संबंध व सरोकार नहीं रहा।

Elenta Mart
A PERFECT HYPERMARKET

DIWALI DHAMAKA SALE

ON SHOPPING OF ₹6999 & ABOVE
2KG
FREE
*T&C APPLY
Only one offer can be claimed per bill.

24 Oct to 08 Nov

ON SHOPPING OF ₹1999 & ABOVE
1LTR
FREE
*T&C APPLY
Only one offer can be claimed per bill.

JHAJJAR | BAHADURGARH | DIGHAL

FLAT 25% OFF
REAL FRUIT JUICE GREETINGS - GIFT PACK AND MORE.

BUY 1 GET 1
MCVITIE'S GIFT PACK- NUTRAJ DRY FRUITS& MORE.

BUY 1 GET 1
BTW - SOAN PAPDI - PISTA - RASGULLA

UPTO 66% OFF
FRESCA JUICE - CELEBRATING SATMOLA RASGULLA - SOAN PAPDI

BUY 1 GET 1
MANIA CELEBRATION GIFTS

BUY 1 GET 1
UNIBIC / MOHANS GIFT PACK - COOKIES - BISCUITS - CHOCOLATE & MORE.

BUY 1 GET 1
HALDIRAM'S BESAN LADOO & PANJEERI LADOO

UPTO 50% OFF
CELLO GLASS - BOTTLES - MR.COOK HOME APPLIANCES

UPTO 40% OFF
LUMINARC/ROXX CROCKERY AND GLASSWARE

UPTO 50% OFF
RICH CRAFT CROCKERY

UPTO 40% OFF
ARCH FAB BED SHEETS - TOWEL

UPTO 50% OFF
MILTON MAYUR - WATER BOTTLES - TIFFEN AND MORE

Bahadurgarh
Ammarta Arcade Mall, Opposite Metro Pillar No. 816, Bahadurgarh.
Contact: +91-9992296899

Jhajjar
W9 Shop No. 771, Bhagat Singh Chowk, Jhajjar.
Contact: +91-8750187531

Dighal
Sampla Beri Road, Dighal.
Contact: +91-7419202127

Offers and prices may vary from branch to branch.
PRICES ARE SUBJECT TO CHANGE WITHOUT PRIOR NOTICE.

FOLLOW US ON :
elenta_mart
elenta mart

*T & C. APPLY
*STORE IS FREE TO WITHDRAW ANY SCHEME ANYTIME. *SCHEME VALID ONLY TILL STOCKS LAST* STORE IS FREE TO DECIDE QUANTITY OR PRODUCT GIVEN UNDER ANY SCHEME *ELENTA MART WILL NOT BE RESPONSIBLE FOR ANY KIND OF MISPRINT IN THE PAMPHLET *PRODUCT IMAGES ARE FOR ILLUSTRATIVE PURPOSES ONLY *TWO OFFERS WILL NOT BE CLUBBED TOGETHERBESAN & SUGAR SCHEME IS NOT APPLICABLE TO GHEE, EDIBLE OIL, ATTA, SUGAR, AND PAMPHLETS OFFER ITEMS.
*All Products are subject to availability & Some Items/Schemes may not be available at some stores. *Some offers may not be applicable on online shopping.